हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 जुलाई 2024

11 बाबा भैरव मंदिर पहाड़ी की तलहटी में जोहड़ खोदकर भरा जाएगा नहरी पानी



12 सरकार करें रेगुलर, सत्ता व विपक्षी नेताओं के समक्ष भी रखेंगे मांग




# आयुष्मान कार्ड के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में आभा कार्ड नागरिकों के लिए जरूरी, सुरक्षित रहेगा 10 साल पुराना मेडिकल रिकॉर्ड

- आभा कार्ड सरकारी और प्राइवेट दोनों अस्पताल में काम आएगा, इतना ही नहीं इसका इस्तेमाल किसी भी डॉक्टर के निजी क्लीनिक में भी किया जा सकेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतरीन बनाने के लिए डिजिटल क्षेत्र में सरकार आभा कार्ड के साथ नई पहल कर रही है। आभा कार्ड का प्रबंधन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत किया जाता है जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की एक डिजिटल स्वास्थ्य सेवा पहल है। इस मिशन के तहत इस स्वास्थ्य कार्ड के साथ नागरिकों को कई लाभ प्रदान किए जाते है। आभा स्वास्थ्य कार्ड में 14 अंकों की एक विशिष्ट पहचान संख्या होती है जो आभा आईडी कहलाती है। इस डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी है जो उपचार इतिहास व चिकित्सा डेटा तक त्वरित और आसानी से पहुंच संभव बनाती है। असाधारण अस्पतालों में कैशलेस उपचार सहित कई स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए आभा स्वास्थ्य आईडी कार्ड का उपयोग करके कोई भी सस्ती उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकता है।




**नारनौल।** इस तरह करें ऑनलाइन आवेदन। फोटो : हरिभूमि

***नागरिक के पास आभा कार्ड होने के फायदे:*** अगर आपके पास आभा कार्ड है तो आपको आपकी बीमारी के पुराने कागजात डॉक्टर के पास लेकर जाने की जरूरत नही है। डॉक्टर आपके आभा कार्ड की मदद से ही आपकी पुरानी बीमारी जान सकते है। इसके अलावा आपकी किस तरह की दवाइयां चल या फिर पहले दवाई चली थी, इस बारे में जानकारी मिल जाती है। आभा कार्ड की मदद से आपका 10 साल पुराना मेडिकल रिकोर्ड जाना जा सकता है। इससे डॉक्टर को आपकी बीमारी का इलाज करने में मदद मिलती है।

### समझें आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी कार्ड में अंतर

| आयुष्मान कार्ड | आभा आईडी कार्ड |
|---|---|
| यह एक हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड है। | यह एक डिजिटल हेल्थ अकाउंट कार्ड है। |
| आयुष्मान कार्ड सिर्फ गरीब लोगों के लिए है। | कोई भी भारतीय नागरिक इसे बना या बनवा सकता है। |
| यह इलाज के वक्त फाइनेंशियली मदद करता है। | मेडिकल या हेल्थ डेटा देखने व शेयर करने के काम आता है। |
| इस कार्ड में शहरी और ग्रामीण लोगों के लिए क्राइटेरिया है। | इस कार्ड के लिए कोई क्राइटेरिया तय नहीं है। |

### घर बैठे बना सकते हैं अपना आभा कार्ड, आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक जरूरी

आभा कार्ड बनवाने के लिए आपको आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना है। इसके बाद होम पेज पर क्रिएट आभा नंबर वाले ऑप्शन पर क्लिक करना है। अब अगले पेज पर आपको दो ऑप्शन दिखाई देगें। पहला वाला आधार कार्ड नंबर और दूसरा वाला ड्राइविंग लाइसेंस नंबर आपके पास जो मौजूद है, उस विकल्प का चुनाव करें। इसके बाद जिस विकल्प का चुनाव किया है उस डोक्युमेंट का नंबर दर्ज करे। नंबर दर्ज करने के बाद एग्री वाले ऑप्शन पर क्लिक करें। अब अगले पेज पर मोबाइल नंबर दर्ज करें और ओटीपी दर्ज करके आगे बढ़ें। जैसे ही आप ओटीपी दर्ज करते है एक फॉर्म ओपन होगा जिसमें मांगी गई जानकारी को भर ले। इसके बाद माई अकाउंट वाले ऑप्शन पर क्लिक करके अपना फोटो अपलोड करें। (आधार कार्ड से फोटो नहीं उठाने की अवस्था में) अंत में सबमिट वाले ऑप्शन पर क्लिक करें। इस आसान तरीके से आपका आभा कार्ड बन जाएगा। इसे आप डाउनलोड करके प्रिंट निकाल सकते है।

### ग्रामीण क्षेत्र में आभा कार्ड बनाने के लिए आशा वर्कर कर रही नागरिकों की सहायता

ग्रामीण क्षेत्र में जानकारी के आभाव के कारण सरकार की सुविधाओं से काफी नागरिक वंचित रहे जाते है लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इस बात को गंभीरता से लेते हुए नागरिकों के आभा कार्ड बनाने में आशा वर्कर सहायता कर रही है। वैसे हर घर में स्मार्ट फ़ोन, प्रत्येक गांव में डिजिटल अभियान के तहत नागरिकों की सहायता के लिए सीएससी केंद्र की वजह से आभा आईडी कार्ड बनाने में आसानी हुई है। इन सब की सहायता से आभा आईडी अभियान के चार पंख लगते नजर आ रहे है।

---

## सीएम ने 15 जुलाई तक जिला मुख्यालय की घोषणा नहीं की तो होगा आंदोलन

# जिला मुख्यालय स्थापित करने को लेकर सांकेतिक धरना, सीएम को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने को लेकर मंगलवार को क्षेत्र के लोगों ने सरकार के प्रति नारेबाजी कर सीएम को ज्ञापन भेजा है। मंगलवार को क्षेत्र के अधिवक्ताओं व सामाजिक संगठनों के लोगों ने सांकेतिक धरना व सरकार के प्रति नारेबाजी कर महेंद्रगढ़ को जिला मुख्यालय देने की मांग की हैं। इसके अलावा उन्होंने नारनौल को अलग जिला बनाने व महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करने को लेकर डीसी मोनिका गुप्ता की अनुपस्थिति में एसडीएम संजीव कुमार को सीएम नायब सैनी के नाम एक ज्ञापन भी भेजा है।

बता दें कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोग काफी लंबे समय से महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करनले की मांग कर रहें हैं। वर्ष 2019 में भी बार एसोसिएशन द्वारा करीब तीन महीने का धरना दिया गया था। इसके अलावा दुकानदारों ने भी बाजार को बंद कर जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग भी सीएम को कई बार ज्ञापन भेजे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक प्रदेश सरकार की ओर से कोई रूचि नहीं ले गई हैं। वक्ता बलवान फौजी ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले नए जिले, उपमंडल, पंचायत समिति, तहसील, उप तहसील व पंचायत आदि का पुनर्गठन करने की तैयारियां जोरों पर है। परंतु महेंद्रगढ़ जिले का कोई नाम नहीं है। बलवान फौजी ने कहा कि आज भाजपा सरकार में इस जिले की अपेक्षा से लोगों में मायूसी है तथा सरकार के प्रति भारी रोष पनप रहा है, जिसका खामियाजा सरकार को बीते विधानसभा चुनाव में देखने को मिला था तथा आगामी विधानसभा चुनाव में और भी विपरीत प्रभाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि दक्षिणी हरियाणा के दो जिलों से प्रदेश सरकार ने अनदेखी की है जबकि महेंद्रगढ़-रेवाड़ी जिले में भाजपा सरकार के पांच विधायक है, जिसमें से एक को भी कमेटी में शामिल नहीं किया गया। जो भेदभाव को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आज तो सांकेतिक धरना दिया जा रहा है, अगर मुख्यालय नहीं मिला तो आंदोलन को बड़ा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई तक महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करने की घोषणा नहीं करते है तो पूरे महेंद्रगढ़ विधानसभा के गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करके आने वाले 10 से 15 अगस्त के बीच में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसमें करीब 10 से 15 हजार लोग शामिल होंगे और यह लोग धरने से तब तक नहीं उठेंगे, जब तक महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित हो जाए। उन्होंने कहा कि यह धरना दिन के साथ-साथ रात्रि को भी जारी रहेंगा। इसलिए अनुरोध है कि देशभक्ति व राष्ट्रभक्ति इलाके के लोगों के लिए आप यह जिला मुख्यालय महेंद्रगढ़ में स्थापित करवाकर आमजन को राहत देने का कार्य करें। प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस कमेटी में सरकार ने कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, वित्तमंत्री जयप्रकाश दलाल, पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा व नगर निकायमंत्री सुभाष सुधा को शामिल किया गया है।





**महेंद्रगढ़।** लघुसचिवालय के बाहर नारेबाजी कर रोष जताते हुए व एसडीएम संजीव कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### धरना स्थल पर ये रहे मौजूद

धरना देने वालों में डॉ. धर्मबीर पायगा, रणधीर सिंह फौजी गुढ़ा, अमित माजरा, पाली के सरपंच देशराज फौजी, बार एसोसिएशन प्रधान राजीव, विजय खेड़ा, संदीप बचीनी, दीपक फौजी सुरजनवास, बहादूर सिंह थानेदार, विजय प्रधान कृष्णा मार्केट, हनुमान, बीरसिंह माजरा, संदीप खायरा, रघु यादव बुडीन, ओमप्रकाश बुडीन, अजय बसई, रामबीर सिंह पंच बसई, सुमित फौजी बुचावास, कृष्ण कुमार, जिले सिंह जोनावास, गुरुदयाल शर्मा बलायचा, सूबेदार जयराम, मुरारीलाल नंबरदार सतनाली, राजकुमार नंबरदार खातोदड़ा, सूबेदार राम स्वरूप, रामकिशन, अतर सिंह, लाल सिंह बवानियां, कुलभूषण मेघनवास, रामबिलास बुचौली, रामकिशन खेड़ा, कैप्टन राजेंद्र, हवलदार भागमल माजरा, सूबेदार देशराज गागड़वास, प्रमोद फौजी बलायचा, रामनिवास पाटोदा, इंजिनियर संदीप शास्त्री, सत्यवान सरपंच, संदीप झूक, सुरेंद्र झूक, बबलू सहित विभिन्न संगठनों के लोगों व अधिवक्ताओं ने सांकेतिक धरना देकर ज्ञापन सौंपा।

### महेंद्रगढ़ की जनता अलग जिला बनाने की मांग करें तो हम साथ: वैद्य किशन वशिष्ठ

**नारनौल।** भाजपा नेता वैद्य किशन वशिष्ठ ने मंगलवार पत्रकारवार्ता करते हुए कहा कि नारनौल जिला मुख्यालय ब्रिटिश शासनकाल से है और आजादी के बाद भी यही जिला मुख्यालय बना हुआ है। इसलिए उनका महेंद्रगढ़ क्षेत्र की जनता से विशेष आग्रह है कि वह महेंद्रगढ़ को मुख्यालय बनाने की जिद्द छोड़ दें और महेंद्रगढ़ को अलग जिले का दर्जा देने की मांग करें। इस मांग का वह तन-मन-धन से समर्थन करेंगे और इसके लिए चाहे सीएम व पीएम से मिलना पड़े तो वह उनके साथ इनसे मिलने को तैयार हैं। इस मौके पर उनके साथ सरदार सर्वजीत सिंह चावला, नरेश सैनी, संजय सैनी, हेमंत जांगिड़, अशोक सैनी, सोनू सोनी, केशव सोनी व दलीप सैनी आदि मौजूद रहे।

---

# जांच के लिए पहुंची सीएम फ्लाइंग की टीम, ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों पर अवैध कटाई का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों पर लगाए गए गांव जासावास व बेरी में हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के आरोप के बाद सीएम फ्लाइंग रेवाडी में सोमवार को मौके पर जांच के लिए पहुंची। टीम की ओर से गांव जासावास के सरपंच कमल किशोर व बेरी के सरपंच प्रतिनिधि राजपाल व आसपास के किसानों के ब्यान दर्ज किए। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वन विभाग के अधिकारियों ने नियमों को ताक में रखकर करीब 206 हरे पेड़ की कटाई करवा दी है, जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान हुआ है।



**महेंद्रगढ़।** मौके पर सरपंचों व ग्रामीणों से बातचीत करते टीम के सदस्य।

ग्रामीणों ने यह दी थी शिकायतः 4 नवंबर 2023 को जासावास के ग्रामीणों ने सीएम, वन एवं पर्यावरण मंत्री भारत सरकार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन विभाग, प्रधान वन सरंक्षक पंचकूला, मुख्य वन संरक्षक, वन संरक्षक गुरुग्राम व वन मंडल अधिकारी महेंद्रगढ़ को दी शिकायत में बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से पुराने पेड़ों के संरक्षण के लिए पेंशन स्कीम लागू कर रखी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को बचाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकें। वहीं दूसरी ओर गांव बेरी व जासावास ग्राम पंचायत की जो भूमि पेड़ों के संरक्षण व नए पौधे लगाने के लिए वन विभाग को दे रखी हैं। इस भूमि का पूर्ण सरंक्षण एवं संरक्षण वन विभाग द्वारा की जाती हैं। वन विभाग के कुछ अधिकारियों की ओर मिलीभगत करके करीब 20 दिन में दोनों गांवों में करीब 200 से अधिक हरे और सूखे पेड़ बिना विभागीय अनुमति के काट दिए गए हैं।

### मामले की चल रही जांच

सीएम फ्लाइंग रेवाडी की टीम के इंचार्ज एएसई मनोज यादव ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से अवैध कटाई की शिकायत की गई थी। इसके बाद टीम जांच के मौके पर पहुंची थी। मौके का निरीक्षण कर लिया गया हैं। मामले की जांच की जा रही है।






---

# शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 10वीं के छात्रों को देने होंगे 16 पेपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

- सीबीएसई ने नए पाठयक्रम को दो भागों में बांटा, हर भाग से विद्यार्थी को करना होगा दो विषय का चयन

सीबीएसई की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पाठ्यक्रम में बदलाव किया हैं। नए पाठ्यक्रम के अनुसार कक्षा दसवीं के लिए विषय चयन के आठ भाग बनाए हैं। विद्यार्थी को हर भाग में से दो विषय का चयन करना होगा। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को अब 8 बजाय 16 विषय के पेपर देने होंगे। जिन स्कूलों को शिक्षकों का अभाव है वहां विद्यार्थियों को अब परेशानी उठानी पड़ सकती हैं। नए पाठ्यक्रम के अनुसार अब विद्यार्थी को प्रति संयोजक भाग में से किन्हीं दो विषयों का चयन करना होगा। विद्यार्थियों को प्रति संयोजक में से चयनित किए गए विषयों के कुल 16 पेपर देने होंगे। 10वीं के नए पाठ्यक्रम में सीबीएसई को अनेक परेशानी उठानी पड़ सकती हैं, क्योंकि संयोजक के हिसाब से जितने विषय शामिल किए है उतना शिक्षक रखने पर कई स्कूलों का बजट बिगड़ सकता हैं। ऐसे में कई स्कूलों के शिक्षकों के अभाव में विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो सकती हैं।

### आठ संयोजक भाग और शामिल विषय

- *लैंग्वेज:* लैंग्वेज नेटिव टू इंडिया अनिवार्य, अन्य भाषा अनिवार्य, मॉडर्न इंडिया लैंग्वेजज।
- *आर्ट एजुकेशन:* इंडियन क्लासिक म्यूजिक फॉक म्यूजिक, कंटम्परेरी म्यूजिक, थियेटर पियूपिट्राई, सक्युअलचर, फाइन आर्ट्स, फॉक पेंटिंग, ग्रेफिक्स डिजाइन, मॉशल पिक्चरर्स, फोटोग्राफी, टैक्सटाइल डिजाइनिंग।
- *फिजिकल एजुकेशन एंड वेल विंग:* योगा एंड लाइफ स्टाईल, स्पोटर्स एंड न्यूट्रीशियन, फिजिकल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट विद डिस्विलटिस, बॉयो मैकेनिक एंड स्पोटर्स।
- *वोकेशनल एजुकेशन:* एग्रीकल्चर क्रिअल प्रोडेक्शन, एग्रीकल्चर सीड्स प्रोडेक्शन, एग्रीकल्चर गार्डनिंग, ऑटोमोबाईल सर्विसिंग, मैकेनिंग इलेक्ट्रोनिक्स, कम्यूनिटी हेल्थ, अकाउंटिंग सर्विस डाटा एंट्री एंड मैनेजमेंट, बैकिंग सर्विस, रिटेल सर्विस व टैक्सटाइल एंड गारमेंट्स।
- *सोशल साइंस:* इतिहास, भूगोलशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, मनोचिकित्सा, मनोचिकित्सा एवं दिमागी स्वास्थ्य, इकोनॉमिक डेवलमेंट, सामाजिक विज्ञान, फिलोस्पी, पुरातत्वशास्त्र व पुरातत्व विभाग।
- *इंटरडिसिपलिनरी एरिया:* बिजनेस स्टडी, अकाउंटिंग, जलवायु परिवर्तन, जर्नालिज्म, इंडियन नॉलेज सिस्टम, विधिशास्त्र।
- *गणित एंड कंप्यूटेशन थिकिंग:* गणित, कप्यूटर, बिजनेस गणित, एंडवास गणित एवं साख्यिकी।
- *साइंस:* फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी, भूमि विज्ञान, एस्ट्रोनॉमी, मॉर्डन फिजिक्स।



# अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

# देवलीना

## किरदार का प्रकार रखता है मायने

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली हैं। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आई तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं।



हॉलीवुड मसाला



# फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

**लॉस एंजिलिस।** थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।



# मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

**लॉस एंजिलिस।** 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।



# डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'



# विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

टीवी मसाला



# जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।

## नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे। तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की माने तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।



# प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है,




जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।

# थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

**मुंबई।** हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।



म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है। टब्बार पारिवारिक वफादारी, धोखे और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए कितनी दूर तक जा सकता हैं, इसकी एक मनोरंजक कहानी है।

क्राइम थ्रिलर पर आधारित पंजाबी वेब सीरीज है 'कोहरा'। यह एक ऐसी वेब सीरीज है, जो एक हत्या के नतीजों पर आधारित है। ब्रिटिश-भारतीय दूल्हा कबीर (सौरव खुराना) ग्रामीण पंजाब में अपनी शादी से कुछ दिन पहले मुर्दा पाया जाता है। दो अलग-अलग पुलिस अधिकारियों, तेज और गंभीर सेहर (सुरविंदर विक्की) और आवेगी एसआई सुख ( बरुन सोबती ) को जांच में आगे बढ़ना होगा।

## अब इस एक्टर ने दे डाली 100 करोड़ी फिल्म, मुंज्या रही हिट


# गुजारा करने के लिए बेचना पड़ा घर, ट्रांसजेंडर बनकर सड़कों पर भी रहा

*इस एक्टर को बचपन में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। पिता बीमार हुए तो घर में भूखे मरने की नौबत आ गई। फिर घर तक बिक गया। काफी संघर्ष के बाद अब इस एक्टर ने 100 करोड़ी फिल्म दी है। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या'ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस कम बजट में बनी और बिना स्टार पावर वाली फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से खूब सराहना मिली। इसी के साथ 'मुंज्या'ने कई हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

**नई दिल्ली।** 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वहीं, फिल्म को मिली इस जबरदस्त सक्सेस का सारा क्रेडिट इसके मजेदार कॉन्सेप्ट, लोककथाओं और हॉरर के मिश्रण के साथ-साथ बेहद पसंद किए गए लीड एक्टर अभय वर्मा को दिया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं अभय वर्मा को यहां तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है।

### पिता की बीमारी के बाद बेचना पड़ा घर

25 साल के अभय को 'द फैमिली मैन'से पहचान मिली। उन्होंने कई फिल्मों और शो में छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। 'मुंज्या'में एक्टर को लीड किरदार निभाने का मौका मिला और उन्होंने कमाल कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभय ने अपनी मिडिल क्लास परवरिश और आर्थिक तंगी का सामना करने का खुलासा किया। अभय ने बताया कि उनके पिता एक ज्वैलरी की दुकान चलाते थे, लेकिन जब अभय छठी कक्षा में थे, तब उनके पिता को पीलिया हो गया, जिससे उनके लीवर पर असर पड़ा और फिर उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनके परिवार के लिए रोटी कमाने वाली बनना पड़ा। बढ़ते खर्चों के कारण, परिवार ने गुजारा करने के लिए अपना घर बेच दिया। तीन साल बाद अभय के पिता का निधन हो गया।



### 'मुंज्या' ने दिलाया स्टारडम

अभय के करियर की शुरुआत मनोज बाजपेयी-स्टारर द फैमिली मैन के दूसरे सीज़न में कल्याण के सपोर्टिंग रोल निभाने से हुई थी। भले ही वह स्क्रीन पर सिर्फ 3-4 सीन के लिए ही नजर आए लेकिन उनके अभिनय की तारीफ हुई। अब मुंज्या ने उन्हें स्टारडम दिला दिया है। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शरवरी और मोना सिंह भी हैं। इस फिल्म ने दुनिया भर में 123 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और सिनेमाघरों में अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### रोल के लिए छिपकर सड़कों पर ट्रांसजेंडर बनकर रहे

19 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लिए अभय मुंबई आ गए। उनके बड़े भाई अभिषेक भी टीवी शो में काम कर चुके थे। थोड़े संघर्ष के बाद अभय को रोल मिलने लगे। साल 2022 में, उन्होंने फिल्म सफेद में एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाने के लिए साइन किया। इस रोल की तैयारी के लिए, अभय वाराणसी चले गए और एक ट्रांसजेंडर के रूप में कई हफ्तों तक वहां रहे। एक बार रात में लड़कों के एक समूह ने उन पर हमला करना चाहा था। बचने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान बतानी पड़ी थी। बता दें कि संदीप सिंह द्वारा निर्देशित, सफ़ेद की पिछले साल ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग हुई थी।

## खबर संक्षेप

### कनीना सदर थाने में दर्ज हुई दो प्राथमिकी

**कनीना।** देश में तीन नए कानून लागू होने के बाद कनीना सदर पुलिस थाने में बीएनएस की धारा 127-6 के अंतर्गत दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

### सरकार उपलब्ध करवा रही है आसान लोन

**नारनौल।** भारत सरकार खाद्य प्रसंस्करण फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्यमों को आसान ऋण और तकनीकी सहायता उपलब्ध करा रही है। युवा दुनिया के बाजारों में प्रतिस्पर्धा करते हुए आत्मनिर्भर वंश के इसी उद्देश्य से ऐसे उद्योगों पर सरकार भारी सब्सिडी दे रही है।

### कुल 187 शिकायतें आईं कइयों का मौके पर समाधान

**नारनौल।** डीसी मंगलवार राज्य सरकार के निर्देशानुसार लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुन रही थी। इस दौरान एसपी अर्श वर्मा भी मौजूद थे। समाधान शिविर में कुल 187 शिकायतें आईं, जिनमें से कइयों का मौके पर समाधान किया।

### प्रदीप सराय ने मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद

**मंडी अटेली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आवास पर पहुंचकर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष करण देव कंबोज के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा के प्रदीप सराय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने पर उनके निवास पर मिलकर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

### अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धरना जारी

**मंडी अटेली।** अटेली मण्डी अंडरपास निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर धरना 208वें दिन भी जारी रहा। आज के धरने की अध्यक्षता राजू जाट ने की, जबकि संचालन धीरज कौशिक ने किया।

### सिहमा में जाहरवीर गोगा महाराज का भंडारा 15 को

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा में जाहरवीर गोगा जी महाराज का 9वां विशाल भंडारा 15 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि हर वर्ष की तरह जाहरवीर गोगा जी महाराज का 9वां विशाल जागरण एवं भंडारा आयोजित किया जा रहा है।

### नवजात कन्या नोआ के जन्मोत्सव पर कुआं पूजन

**नांगल चौधरी।** शहर के वार्ड दो (मोहनपुर) में अमित शर्मा पुत्र मुरारीलाल शर्मा के घर कन्या ने जन्म लिया है। जिसके सम्मान में परिजनों ने कुआं पूजन कार्यक्रम आयोजित करके ग्रामीणों को प्रीतिभोज कराया है। पेज लेने की रस्म करके नवजात कन्या का नामकरण किया गया है।

### सेवानिवृत्ति एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**मंडी अटेली।** सेवा से व्यक्ति में आत्मप्रेरणा और आत्म संतुष्टि का भाव पैदा होता है। उक्त विचार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली के वरिष्ठ प्रवक्ता शर्मिला यादव ने सेवादार कमला की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर विद्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति एवं सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

# बाग लगाने के लिए सरकार दे रही प्रति एकड़ 50 से 70 फीसदी अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश सरकार परंपरागत खेती में बढ़ते जोखिम व लागत को देखते हुए अब नए बाग लगाने पर किसानों को प्रति एकड़ 50 से 70 प्रतिशत तक अनुदान दे रही है। जिला के किसान बागवानी विभाग की इस योजना का फायदा उठाते हुए आर्थिक तौर पर मजबूत बन सकते हैं।

यह जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी प्रेम यादव ने बताया कि इस जिला की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए बाग लगवाना सबसे फायदे का सौदा है। इसमें कम पानी में अधिक मुनाफा संभव है। उन्होंने बाग लगाने की तकनीक के संबंध में बताया कि बेर के बाग के लिए सामान्य दूरी छह गुना सात मीटर होनी चाहिए। इसमें प्रति एकड़ लगभग 95 पौधे लगाएं जाते हैं। इस पर 50 फीसदी अनुदान दिया जाएगा। यह राशि 25 हजार 500 रुपये बनती है। इसमें प्रथम वर्ष 12500 रुपये, द्वितीय व तृतीय वर्ष 6500-6500 रुपये की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

सघन बागों के लिए छह गुना छह मीटर व इससे कम दूरी वाले बागों अमरूद, नींबू वर्गीय आदि फलों के लिए प्रति एकड़ 110 पौधे लगाएं जाते हैं। इसके लिए 43 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसमें प्रथम वर्ष 23 हजार, द्वितीय व तृतीय वर्ष के लिए 10-10 हजार रुपये की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि टिशू कल्चर खजूर आठ गुना आठ मीटर प्रति एकड़ लगभग 63 पौधे लगाएं जाते हैं। इसके लिए दो लाख प्रति एकड के हिसाब से 70 फीसदी अनुदान दिया जाएगा। यह राशि एक लाख 40 हजार बनती है। इसमें प्रथम वर्ष 84 हजार और द्वितीय व तृतीय वर्ष में 28-28 हजार रुपये की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

फलदार पौधों (मुख्यतः अनार, अमरूद, बेर इत्यादि बागों के लिए) पक्षियों से होने वाले नुकसान से बचने के लिए एंटीबर्ड नैट लगाने के लिए एक लाख 40 हजार के हिसाब से 50 फीसदी 70 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा। एक किसान अधिकतम 10 एकड़ क्षेत्र में बाग लगाकर अनुदान प्राप्त कर सकता है।

**खास बातें**

- योजना का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण जरुरी
- किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए बागवानी विभाग बाग लगवाने पर कर रहा फोकस

### बाग लगाने के लिए अपनाएं ये विधि

जिला उद्यान अधिकारी प्रेम यादव ने बताया कि नए बाग के लिए तीन गुना तीन फुट साइज के गड्ढे खोदते समय पहले ऊपर 1.5 फीट मिट्टी अलग निकाल लें व नीचे की 1.5 फीट मिट्टी अलग निकले। इसके बाद 15 दिन गढ़ों को खुला छोड़ दें। 15 दिन बाद प्रत्येक गड्ढे में ऊपर वाली 1.5 फीट मिट्टी में गोबर की खाद, सिंगल सुपर फास्फेट मिलाकर गढ़ों को भरकर पानी लगाए। पौधे लगाने से पहले दो दिन तक गढ़ों में पानी न दें अगर जमीन में दीमक की शिकायत है तो लगाए गए पौधों में पानी के साथ क्लोरोपाईरीफोस कीटनाशक का घोल बनाकर सभी पौधों में डालें। बाग लगाने के लिए जुलाई से सितंबर माह उचित है। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा प्रमाणित किसी भी नर्सरी से आप पौधे खरीद सकते हैं।

### स्कीम का लाभ लेने के लिए दस्तावेज

जिला उद्यान अधिकारी प्रेम यादव ने बताया कि स्कीम का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। स्कीम का लाभ लेने के लिए एचओआरटीएनईटी डॉट जीओवी डॉट इन पर आवेदन करना होगा। परिवार पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पौधों का ओरिजिनल बिल, जमाबंदी, फर्द, इंतकाल व पटवारी की रिपोर्ट लगानी होगी। जिला उद्यान अधिकारी प्रेम यादव ने बताया कि खंड नारनौल व सीहमा के किसान 9579600685 नंबर पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं। इसी प्रकार खंड अटेली व कनीना के किसान 9518121395, महेंद्रगढ़ व सतनाली के किसान 9660959092 तथा खंड नांगल चौधरी व निजामपुर के किसान मोबाइल नंबर 8840827582 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं।

## सूखने लगे हैं किसानों के ट्यूबवेल

# बाबा भैरव मंदिर पहाड़ी की तलहटी में जोहड़ खोदकर भरा जाएगा नहरी पानी

### विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने गांव के सरपंच प्रतिनिधि एवं विभाग के अधिकारियों के साथ किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** नहर विभाग के अधिकारियों एवं सरपंच प्रतिनिधि के साथ दौरा करते संदीप मालड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

सतनाली क्षेत्र के गांव डिगरोता के बाब भैरव मंदिर पहाड़ी की तलहटी में जोहड़ खोदकर नहरी पानी भरा जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि गांव डिगरोता में बाबा भैरव मंदिर पहाड़ी की तलहटी में दशकों पहले खुदे हुए जोहड़ों की श्रृंखला है। यहां लगभग आधा दर्जन जोहड़ हैं, जो पुराने समय में खोदे गए थे। पहले जब बरसात अधिक होती थी तो पहाड़ी का पानी इन जोहड़ों में भर जाता था, जिसे बाद में इस्तेमाल में लिया जाता था। समय के साथ-साथ बरसात भी कम होने लगी तथा ये जोहड़ भी मिट्टी से भरने लगे। इसी के दुष्परिणाम स्वरूप यहां आसपास के ट्यूबवेलों में अब पानी खत्म होने लगा है, जिससे खेती पर संकट खड़ा होने लगा है। यहां नए सिरे से जोहड़ खोदकर तथा उन्हें आपस में जोड़कर अब नहरी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा तथा यहां बरसात के समय जब नहरी पानी की मात्रा अधिक होती है उन दिनों में यहां पानी भरा जाएगा, जिससे भूजल रीचार्ज होगा। संदीप मालड़ा ने बताया कि ये प्रोजेक्ट बहुत ही महत्वपूर्ण है तथा यहां लगभग तीन महीने पहले भी सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा किया गया था। बीच में आचार संहिता की वजह से काम रूक गया। अब यहां विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा करके विभिन्न टेक्नीकल पहलुओं की जांच की गई है तथा इस बारे जल्द ही ऐस्टिमेट मुख्यालय भिजवाया जाएगा। माधोगढ़ ब्रांच से के डिगरोता स्थित पंप हाउस नंबर-3 पर लगभग पांच क्यूसेक का अलग पंप लगाकर तथा एचडीपीई पाइप लाइन के माध्यम से यहां पानी पहुंचेगा। इसके लिए 18 इंच की लगभग चार किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जाएगी। यहां पानी भरने से आसपास के लगभग आधा दर्जन गांवों के किसानों को सीधा लाभ होगा, इनमें मुख्य रूप से गांव डिगरोता, बारड़ा, नांवा, मंढियाली आदि शामिल हैं।

- आधा दर्जन गांवों के किसानों को होगा सीधा लाभ।
- 10 एकड़ में बनाए जाएंगे जोहड़, जिन्हें आपस में जोड़ा जाएगा।
- माधोगढ़ ब्रांच नहर के पंप हाउस नंबर-3 पर लगाया जाएगा अलग पंप।
- लगभग चार किलोमीटर लंबी एचडीपीई पाइप लाइन बिछाई जाएगी।
- बरसात के समय हर साल लगातार 100 दिन भरा जा सकेगा पानी।

# बीआर स्कूल में छात्रों का गर्मियों की छुट्टियों के बाद किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



गर्मियों की छुट्टियों के बाद बीआर विद्यालय सेहलंग में छात्रों का जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में एकबार फिर से छात्रों की चहल-पहल और शिक्षकों की शिक्षण गतिविधियां देखी गई। विद्यालय में एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन वशिष्ठ ने छात्रों और स्टाफ को संबोधित किया। गर्मियों की छुट्टियां न केवल आराम और मनोरंजन का समय होती हैं, बल्कि यह छात्रों और शिक्षकों के लिए एक ऊर्जा टॉनिक का काम करती हैं। इस अवकाश के बाद, हम सभी नई ऊर्जा और उत्साह के साथ अकादमिक यात्रा की अगली पारी के लिए तैयार हैं। समारोह में छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिला, जिसमें उन्हें अपनी छुट्टियों के अनुभव साझा करने और नए सत्र के लिए अपने लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया गया।

### एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**महेंद्रगढ़।** एसपी अर्श वर्मा ने मंगलवार को लघुसचिवालय स्थित अपने कार्यालय में लोगों की शिकायत सुनकर मौके पर निपटारा किया। एसपी ने लोगों की शिकायतें सुनकर और मौके पर समाधान करते हुए समस्याओं से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को फोन कर आवश्यक निर्देश दिए। महेंद्रगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से फरियादी अपनी शिकायत लेकर आए हुए थे, जिनकी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसपी ने संबंधित को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक-एक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मामले निपटाए। एसपी ने शिकायतें संबंधित अधिकारियों को इन्हें तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। एसपी ने वहां पर मौजूद अधिकारियों को लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए।

# नारनौल मेरे परिवार की कर्मभूमि यहां से लड़ेंगे विधानसभा का चुनाव : सृजन यादव



**नारनौल।** ग्रामीणों के बीच कांग्रेसी नेता सृजन यादव। *फोटो : हरिभूमि*

**नारनौल।** पूर्व विधायक रघु यादव के बेटे कांग्रेसी नेता सृजन यादव ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार नारनौल विधानसभा क्षेत्र के गांव बड़गांव का दौरा किया। उन्होंने कांग्रेस की नीतियों व उनकी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने भी सृजन यादव का स्वागत किया। गांव बड़गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सृजन यादव ने कहा कि उनके पिता रघु यादव की कर्मभूमि नारनौल रही है। उन्होंने बताया कि वह नारनौल विधानसभा से चुनाव लड़ना चाह रहे हैं। जिसके तहत उन्होंने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत गांव बड़गांव से की है। उन्होंने कहा कि इस जमीन के कण-कण को रघु यादव और उनके संघर्ष के साथियों ने अपने खून पसीने से सींचा है। 1993 का वह दृश्य आज भी यहां की आमजन की जुबान पर है, जब उनके पिता पूर्व विधायक रघु यादव ने जलयुद्ध छेड़ा और इलाके के लिए गोलियां तक खाई। हमारे परिवार ने ताउम्र इस इलाके के लिए संघर्ष करने की सौगंध खाई हुई है। इसी के चलते उन्होंने नारनौल विधानसभा क्षेत्र को अपनी कर्मभूमि बनाया है। जनसंपर्क अभियान में उनके साथ नूनी अव्वल के सरपंच मुरारीलाल, बड़गांव के सरपंच विक्रम सिंह, सत्यवीर यादव मुकेश जेलाफ व कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# बिजेंद्र का एचसीएस में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



- असफलता से कभी हार नहीं माननी चाहिए: राव बहादुर सिंह

यदुवंशी शिक्षा निकेतन से शिक्षा प्राप्त छात्र बिजेंद्र पुत्र मनोहर लाल निवासी मालड़ा बास ने एचसीएस परीक्षा में चयनित होकर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बिजेंद्र एक साधारण किसान परिवार से है। उनके पिता खेती-बाड़ी का कार्य करते थे। माता ओमवती एक कुशल गृहिणी है। बिजेंद्र यादव ने सामान्य वर्ग में 26वां रैंक हासिल किया, वहीं अपनी कैटेगरी में उनका बहुत ही शानदार दूसरा रैंक रहा। अब उन्हें इस उपलब्धि पर एक्साइज एंड टेक्सेसन डिपार्टमेंट मिला है। प्राचार्य पवन यादव ने बताया कि बिजेंद्र 2009 में 12वीं में विज्ञान संकाय का मेधावी छात्र रहा है, जिन्होंने अपनी पूरी शिक्षा एलकेजी से 12वीं तक यदुवंशी शिक्षा निकेतन से पास की है। उनके अभिभावकों ने बताया कि पूरे विश्वास के साथ उत्साहपूर्वक जिस लग्न से बिजेंद्र का यदुवंशी में दाखिला करवाया था आज हमें उसका पूर्णतया प्रतिफल मिल चुका है। बिजेंद्र से बात करने पर उसने इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय, अध्यापकों एवं माता-पिता को दिया। वह सरकारी क्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल कर देशसेवा करना चाहता है। महेंद्रगढ़ का यह बेटा अब एचसीएस अफसर बन गया है। बिजेंद्र के घर आज खुशी का माहौल है और परिजन बेटे की इस उपलब्धि पर फूला नहीं समा रहे हैं। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि मनुष्य को असफलता से कभी हार नहीं माननी चाहिए, बल्कि अपनी असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

### सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं जरुरतमंद लोग

**नारनौल।** भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि सभी वंचित पात्र परिवार पत्र के माध्यम से स्वयं सत्यापित एक फार्म भरकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिन लोगों की सालाना आय किन्हीं कारणों से परिवार पहचान पत्र में अधिक दर्ज हुई है। उनकी वास्तविक सालाना आय कम है। इस कारण उनको सरकार की योजनाओं से महरूम होना पड रहा है। इसके लिए क्रिड की वेबसाइट पर विभाग ने एक फार्म अपलोड किया है जिसके माध्यम से पात्र लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने विभिन्न सरकारी योजनाओं को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ रखा है।



# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आरपीएस के विद्यार्थी छाए

- शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में आरपीएस के विद्यार्थी अव्वल: डॉ. पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

इंटरनेशनल चाइल्ड आर्ट कंपीटीशन एंड एग्जीबिशन-2024 में आरपीएस विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरी अंतर्राष्ट्रीय रैंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ देश का नाम रोशन किया। पर्यावरण और पृथ्वी को बचाएं थीम पर आधारित यह कंपीटीशन अंतर्राष्ट्रीय संस्थान अनुराग्यम द्वारा आयोजित किया गया। विद्यालय के चयनित विद्यार्थियों को ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने सम्मानित करते हुए बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि महेंद्रगढ़ शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में अपने कदम लगातार तेजी से आगे बढ़ा रहा है, जिसके परिणाम हम सब के सामने हैं। आरपीएस के बच्चे अब जिला, प्रदेश व देश में ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सीईओ मनीष राव ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। समय पर उचित मंच मिलना इन प्रतिभाओं को तराशने के लिए अति आवश्यक है। विद्यालय में बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार मंच प्रदान कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचना ही नहीं, उनके सर्वांगीण विकास के लिए आरपीएस कृत संकल्पित है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि आरपीएस ग्रुप शिक्षा के साथ-साथ खेलों, संगीत, आर्ट सहित अन्य विधाओं व प्रतियोगिताओं में भी अपने बच्चों को सफलता के मुकाम पर पहुंचाने के लिए उचित मंच प्रदान कर रहा है। यह अभिभावकों का विश्वास ही है कि आज आरपीएस के छात्र-छात्राएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इंटरनेशनल चाइल्ड आर्ट कंपीटीशन एंड एग्जीबिशन-2024 में पहले राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतियोगिता 14 अप्रैल को तथा फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 10 जून को आयोजित की गई थी, जिसमें देश ही नहीं, विदेशों से लगभग 20 लाख प्रतिभागियों ने भागीदारी दर्ज करवाते हुए अपनी-अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। प्रतियोगिता में आरपीएस विद्यालय की छात्रा अपूर्वा पुत्री अनिल कुमार व छात्र आरव राघव पुत्र जितेंद्र राघव ने इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कंपीटीशन में तीसरा रैंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीते कर अपने विद्यालय, क्षेत्र, प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि के लिए आर्ट प्रशिक्षक प्रविंद्र, विकास शर्मा, हेमंत, ज्योति, सोमबीर, अंजू, रचना को भी बधाई दी है।

## किसी भी आपातकालीन परिस्तिथि में बचाव में प्राथमिक सहायक का होता है महत्वपूर्ण योगदान

# प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण के लिए रेडक्रॉस के 4 नए प्रवक्ताओं ने किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** प्रवक्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए सचिव रेडक्रास बलवान सिंह। फोटो: हरिभूमि

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी नई दिल्ली की ओर से मंगलवार ज़िला रेडक्रॉस नारनौल के चार सदस्यों को प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। ये प्रमाण पत्र राजकुमार व्यास, अजीत सिंह, अशोक कुमार व कौशल जांगिड़ को स्वयं सचिव बलवान सिंह द्वारा प्रदान किए गए। ज्ञातव्य है कि इन चारों प्रवक्ताओं द्वारा गत वर्ष दिसंबर में पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में महेंद्रगढ़ ज़िले से भाग लिया गया था। जिसमें सफलतापूर्ण उत्तीर्ण होने उपरांत रेडक्रॉस मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा इन्हें उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए है।

प्रमाण पत्र वितरित करने उपरांत सचिव बलवान सिंह ने बताया कि प्राथमिक सहायता का ज्ञान जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है एव इसमें निपुण व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होंने बताया कि उक्त योग्यता हासिल करने वाले प्रवक्ताओं में से राजकुमार व्यास व अजीत सिंह पूर्व में पंचकूला में ही आयोजित आपदा मित्र के राज्य स्तरीय शिविर में भी आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण ले चुके है जोकि संस्था के लिए गौरव की बात है।

अब इन सभी प्रवक्ताओं द्वारा ज़िले के विभिन्न सरकारी स्कूल व महाविद्यालयों में फर्स्ट ऐड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके लिए प्रवक्ताओं को रेडक्रॉस हरियाणा मुख्यालय के दिशा-निर्देशों अनुसार मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर रेडक्रॉस से डॉ एसपी सिंह, सुभाष गुप्ता, शोभा देवी भी उपस्थित रहे।



### गोविल ने अपने नाम किया ओवरऑल खिताब

**नारनौल।** युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना आज की सबसे बड़ी समस्या है। दिन प्रतिदिन युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़ती जा रही है। उनकी खेल में रूचि पैदा करके ही नशे से दूर रखा जा सकता है और साथ ही युवा खेल में अपना कैरियर भी बना सकते है उक्त बातें रवि भारती ने मासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के दौरान युवाओं को सम्बोधित करते हुए कही। प्रतियोगिता का आयोजन भारती जिम, युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को किया जाता है। पचास से साठ किलो वर्ग में वीरेंद्र प्रथम, गुलशन द्वितीय व मुकेश सैनी को तृतीय स्थान मिला। 61 से 71 किलो वर्ग में धोनी महेंद्रगढ़ प्रथम, प्रमोद ठाकुर द्वितीय व निखिल सैनी तृतीय स्थान पर रहे। 50 प्लस किलो वर्ग में गोविल गुल्लू, साहिल सैनी द्वितीय व आनंद महेंद्रगढ़ ने तृतीय स्थान हासिल किया।

**सूचना**

मै सतीश कुमार पुत्र रोहतास सिंह वासी गांव थाना तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र गगन कुमार व उसकी पत्नी योगिता मेरा कोई कहना नही मानते और अपनी मनमर्जी करते हैं व परिवार में हर दिन लडाई–झगडा करते रहते है। इसलिए मै उनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरा व मेरे बाकि परिवार, रिस्तेदारों का उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। आज के बाद से उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**सूचना**

मैं, विजय कुमार पुत्र श्री बलबीर सिंह निवासी नांगल हरनाथ तह. महेन्द्रगढ़ जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मुझसे दो प्लाट जिसका बैयनामा/ रजिस्ट्री दिनांक 16.06.2024 को गुम हो गई है। जो अरावली सिटी फेस वन डी ब्लाक प्लाट नं.10 200 वर्गगज कालवाड, मुण्डोता जो विजय कुमार पुत्र बलबीर सिंह व छोटूराम पुत्र रामानन्द के नाम है व प्लाट नं. 34 166.66 ब्लाक डी रामपाल पुत्र रामानन्द के नाम है। जिसकी बैयनामा/ रजिस्ट्री गिर कर गुम हो गई है और जिसका कहीं पर भी कोई दुर्पयोग/ लोन वगैरा नहीं लिया हुआ है।

## खबर संक्षेप

### चोटें मारने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** लोहे की रॉड और सरिए से हमला कर चोटें मारने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर नारनौल की पुलिस टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान अभिमन्यु उर्फ हबली वासी मांदी और अनिल वासी मांदी के रूप में हुई। पुलिस ने पूछताछ में आरोपितों से वारदात में प्रयोग की गई बाइक और दो लोहे की पाइप बरामद की हैं। आरोपितों से पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### शिविर में नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान

**महेंद्रगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को समाधान शिविर लगाने के आदेश दिए हैं, लेकिन समाधान शिविर लोगों की परेशानी का कारण बने हुए हैं। शिविर लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। गांव बचीनी निवासी श्रीभगवान ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से अधिकारियों के चक्कर लगा लगाकर परेशान हो चुका है, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### विभाग संगठन मंत्री बने पंकज यादव

**नारनौल।** अटेली के राजपुरा गांव निवासी पंकज यादव को हाल ही में सम्पन्न हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अभ्यास वर्ग में भरतपुर, धौलपुर व डीग का विभाग संगठन मंत्री बनाया गया। पूर्व जिला सयोजक कर्मपाल यादव ने बताया कि पंकज यादव की स्कूली शिक्षा सूरज स्कूल महेंद्रगढ़ से हुई व उच्च शिक्षा जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय से पूर्ण हुई है।



### विनोद चौधरी ने संभाली नए प्रधान पद की कमान

**नारनौल।** रोटरी क्लब नारनौल सिटी एवं रोटरी क्लब नारनौल बेलाज के नए कार्यकाल का शुभारंभ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक जुलाई से किया गया। नए वर्ष में पिछले वर्ष के सचिव विनोद चौधरी को क्लब के नए प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी टीम में रोटेरियन राजकुमार चौधरी को सचिव व नवीन को कोषाध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा गया है।

## एनएचएम कर्मचारियों की मांग

# सरकार करे रेगुलर, सत्ता व विपक्षी नेताओं के समक्ष भी रखेंगे मांग

### रेगुलर करने की मांग को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की एक आमसभा नागरिक अस्पताल प्रांगण में की हुई, जिसकी अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान डा. पुष्पेंद्र कुमार द्वारा की गई। डा. पुष्पेंद्र ने कहा कि वर्ष 2016 में नेशनल हेल्थ मिशन कर्मचारियों को नियमित करने के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा मसौदा तैयार किया गया था, जिसको सरकार द्वारा अनदेखा किया गया। संघ पिछले पांच वषार्ें से प्रदेश सरकार व विभागीय अधिकारियों बार अवगत करवाता आ रहा है कि भारत सरकार द्वारा कई बाई अपने विभिन्न पत्राचारों के दौरान एनएचएम कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग में समायोजित करने के लिए राज्य सरकार को निर्देशित किया जा चुका है, जिसके संदर्भ में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार नई दिल्ली) द्वारा जारी पत्र क्रमांक:10937/2011-01 दिनांक 21 दिसंबर 2011 की अनुपालना में वर्ष 2022 में मणिपुर सरकार राज्य में एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने का कार्य किया गया है, इससे जुड़े दस्तावेज संघ की प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्री के साथ ही विभाग के अधिकारियों को प्रस्तुत किए जा चुके हैं। परंतु सरकार व विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। संघ के प्रदेश कमेटी सदस्य हरकेश ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रदेश में 25-25 वषार्ें से अनुबन्ध आधार पर कार्यरत 17000 एनएचएम कर्मचारी नियमित होने की उम्मीद के साथ लामबद्ध होकर आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। परंतु सरकार द्वारा अपने ईर्ष्यालु रवैये को दर्शाते हुये एनएचएम कर्मचारियों का पिछले दो माह से वेतन का ही बजट रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि 25 वषार्ें के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि एनएचएम कर्मचारियों को दो महीने से वेतन नहीं मिला हो, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। एकतरफ तो सरकार कच्चे कर्मचारियों के वेतन बढ़ाने का ढिंढोरा पीटकर अपने लिए चुनावी माहौल तैयार करने में लगी हुई है तथा दूसरी तरफ एनएचएम कर्मचारियों के वेतन के लिए बजट को रोका जा रहा है। संघ के जिला सचिव विनोद रॉव ने बताया कि गत 17 जून को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हुए निर्णय अनुसार आज पूरे प्रदेश में एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगो को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले सिविल सर्जन के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग को ज्ञापन दिया गया। इसी क्रम में आज सभा के समापन के पश्चात प्रतिनिधिमण्डल द्वारा डा. रमेश चंद्र सिविल सर्जन नारनौल को अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसके पश्चात सिविल सर्जन द्वारा ज्ञापन को आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों को प्रेषित करने का आश्वासन दिया गया। विनोद राव ने बताया कि 8 जुलाई से 12 जुलाई तक सत्तापक्ष व विपक्ष के सभी सांसदों, विधायकों को ज्ञापन सौंपे जाएंगें। अगर फिर भी सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो 14 जुलाई को एक प्रदेश स्तरीय बड़ी बैठक करके तुरंत प्रभाव से आगामी आंदोलन खड़ा किया जाएगा और एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर बैठने के लिए विवश होंगे, जिसकी पूर्णतया जिम्मेदारी सरकार व विभाग की होगी। इस अवसर पर संदीप यादव, डा. दीपक कौशिक, उमेश कश्यप, लोकेश शर्मा, हेमंत गर्ग, पूजा यादव, सुनीता यादव, बिंदु यादव, नितेश बंसल, विजय यादव, षिराज, अशोक जांगड़ा, मनोज वर्मा, उद्यम सिंह, सुनीता मान, सपना कुमारी, निर्मला देवी, पूनम कुमारी, हेमंत यादव, प्रेम सैनी, गौरव कक्कड़, दिनेश सैनी, धर्मेंद्र वर्मा, जितेंद्र यादव, डा. अनिल, सुदेश यादव व नीरज यादव आदि उपस्थित रहे।



**नारनौल।** नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य को ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## नम्बरदारों के मानदेय से 2100 रुपये काटने पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

महेंद्रगढ़ जिले के नम्बरदारों के मानदेय से 2100-2100 रुपये काटे जाने को लेकर उनमें सरकार के प्रति रोष बढ़ रहा है। नम्बरदार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जगदेव यादव सेहलंग ने बताया कि नारनौल व नांगल चौधरी तहसील के अंतर्गत नम्बरदारों को जून माह में दिए गए मानदेय से 2100-2100 रुपये काटे गए हैं। जिससे उनमें गहरा रोष पनप रहा है। जिला प्रशासन नम्बरदारों को पूरा मानदेय उपलब्ध करवाए नहीं तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। प्रधान ने कहा कि प्रत्येक माह उनका मानदेय बैंक खातों में डाला जाए। इस बारे में जिला उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि नम्बरदारों के हितों को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर नहीं है। जिससे उनमें नाराजगी बनी हुई है। उन्होंने सरकार नम्बरदारों के मानदेय को 10 हजार रुपये तक बढ़ाने, उन्हें लैपटॉप उपलब्ध करवाने तथा रिक्त पदों को शीघ्रता से भरने की मांग की।



### हकेंवि की टीचर्स एसोसिएशन ने कुलपति पर लगाए आरोप एसोसिएशन याचिका दायर कर कराएगी सीबीआई जांच

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की टीचर्स एसोसिएशन ने प्रेसनोट जारी कर कर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एसोसिएशन के उपप्रधान रविंद्र अहलावत, प्रो. राजेश मलिक, प्रो. बिजेंद्र, प्रो. जेती भुक्कर, डॉ. मोनिक सहित अन्य लोगों ने बताया कि कुलपति ने विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद की 47वीं एवं 48वीं बैठक की मिनिट्स को निरस्त कर दिया था। कुलपति का कहना था कि विजिटर नॉमिनी बैठक में मौजूद थे। वहीं आगामी चार जुलाई को विजिटर नॉमिनी की अनुपस्थिति में बैठक आयोजिक की जा रही है। बैठक में एसोसिएशन के सदस्यों ने आरोप लगाया कि एक विशेष जाति से संबंध रखने वाले प्राध्यपकों से भेदभाव करने तथा नाजायज तंग करने का भी आरोप लगाया हैं। उन्होंने बताया कि कुलपति खुले रूप से कहते है कि उन्हें सरकार का आदेश है कि एक विशेष जाति के लोगों को ठीक करना है तथा काउंसिल की मीटिंग में खुले तौर पर यह कहा कि सब जगह कानून नहीं चलते और यदि एक्ट एवं ऑर्डिनेंस से विश्वविद्यालय चलता तो उनकी क्या आवश्यकता थी। कुलपति विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद को गुमराह करते हुए धोखे में रखकर एक विशेष जाति के प्राध्यापकों को नुकसान करते हैं। उन्होंने कुलपति पर अपने कार्यकाल में गैर-कानूनी नियुक्तियां, गैर-कानूनी प्रमोशन और पिछली सेवा का गैर-कानूनी रूप से जोड़ना, उपकरण इत्यादि की खरीद में अनियमितता बरतना, आउटसोर्स के तहत अपनी मर्जी के अयोग्य व्यक्ति को नियुक्ति देना, परीक्षा के नियमों को ताक पर रखकर मूल्यांकन कराने का भी आरोप लगाया हैं। बैठक में एसोसिएशन के सदस्यों ने कुलपति के गैर-कानूनी कार्यों की सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने मांग नहीं मानी तो टीचर्स एसोसिएशन अपने स्तर पर उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर सीबीआई जांच करवाएगी।

- **टीचर्स एसोसिएशन का कहना कि अगर कुलपति की कार्यशैली में बदलाव नहीं आया तो देंगे अनिश्चितकालीन धरना**

## 25 साल से बगैर बिजली पानी के जीने को मजबूर देवास गांव के बीपीएल परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवास गांव के बीपीएल कॉलोनी के लोगों ने आप प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मनीष यादव के नेतृत्व में बिजली पानी की सुविधा के लिए लघु सचिवालय पर नारेबाजी कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। देवास गांव के बीपीएल परिवारों को लगभग 30 साल पहले रिहायशी प्लाट दिए गए थे, लेकिन 30 साल बीतने के बाद भी आज तक बिजली-पानी की सुविधा इस कॉलोनी को नहीं मिल पाई है। सैंकड़ों परिवार 30 सालों से बिना बिजली पानी के ही रह रहे हैं।

डॉ. मनीष यादव ने बताया कि सरकार और प्रशासन की लापरवाही व अनदेखी हद से पार हो चुकी है। 24 घंटे बिजली देने का वादा करने वाली सरकार की सच्चाई देवास गांव के बीपीएल कॉलोनी में पता चलती है, जहां 30 सालों से न बिजली पहुंची न पानी। बीपीएल कॉलोनी के लोग अंधेरे व प्यासे में मरने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कागजी सरकार है, आम लोगों की मूलभूत सुविधाओं में नाकाम है। इस गांव में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा का ससुराल भी है, भाजपा नेताओं का गरीबों के प्रति ऐसा व्यवहार है कि परिवारों को 30 साल तक बिजली पानी की सुविधा से वंचित रखना ओच्छी राजनीति को दर्शाता हैं। डॉ. यादव ने कहा की सरकार अगर चाहे तो 24 घंटे में इन परिवारों के जीवन में उजाला हो सकता है, इनके घरों में पानी पहुंच सकता है, अगर 24 घंटे में बिजली निगम की तरफ से सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो देशभर में भारतीय जनता पार्टी का असली चेहरा दिखाने के लिए अभियान शुरू करेंगे।



**महेंद्रगढ़।** आंखों पर काली पट्टी बांधकर सचिवालय पहुंची महिलाएं व अन्य।

## एसडीएम ने सुनीं 46 लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

एसडीएम संजीव कुमार ने मंगलवार को समाधान शिविर में 46 लोगों की शिकायतें सुनी, इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया व बाकि शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देशानुसार चल रहे समाधान शिविर में अब हर रोज सुबह 9 से 11 बजे तक उपमंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो रही है। समाधान शिविर में आए गांव डिगरोता निवासी अनूप कुमार शर्मा की फैमिली आईडी में इनकम कम हुई। इस दौरान उन्होंने सरकार का धन्यवाद किया। समाधान शिविर में अलग से परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांग व विधवा पेंशन से संबंधित मामले की शिकायत सुनी। इस दौरान मैनेजर अनिता ने बताया कि फैमिली आईडी से संबंधित 52 शिकायत आई जिनमें से 40 का मौके पर ही निपटारा किया व जिला समाज कल्याण विभाग से प्रदीप ने बताया कि चार बुढ़ापा व दो दिव्यांग पेंशन बनाई।

इस मौके पर ग्रीवेंस कमेटी सदस्य जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा पवन खैरवाल, कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, पीडब्ल्यूडी विभाग से एसडीओ कृष्ण कुमार, बिजली विभाग से एसडीओ हनुमान सिंह, जिला कल्याण विभाग से ममता, पशुपालन विभाग से कुलदीप शर्मा, आशुलिपिक ब्रह्मानन्द, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से बिरमा देवी, श्रम विभाग से सुरेंद्र लांबा, क्रीड विभाग से रवि तंवर, लिपिक प्रदीप के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।



**महेंद्रगढ़।** लोगों की शिकायतें सुनते एसडीएम संजीव कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

## लोकसभा अध्यक्ष से मिलकर उन्हें दी बधाई : राकेश शर्मा

**नारनौल।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा ने नवनिर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को उनके दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचकर पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दी। विज्ञप्ति के माध्यम से इस दौरान उन्होंने बताया कि ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने वाले तीसरे अध्यक्ष हैं। इनकी सहन शीलता एवं क्रमशीलता के कारण इन्होंने अपनी एक अलग ही छाप छोड़ी है, जिस प्रकार से सदन को चलते हैं। इनके व्यक्तित्व का आभास होता है कि किस प्रकार से सरल एवं मृदुभाषी सदा मुस्कुराने वाले जो बड़ी-बड़ी समस्याओं का समाधान लोकसभा के अंदर अपनी मुस्कान के साथ देते हैं एवं सभी दलों को सामान्य रूप से प्रेरित करने के साथ-साथ उनके लिए उपलब्ध भी रहने का कार्य करते हैं। ओम बिरला जोकि कोटा से सांसद हैं उनके इसी व्यवहार आचरण के कारण से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लोकसभा के दूसरी बार अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए हम उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं एवं ऐसे ही वह सदा अपने कौशल से लोकतंत्र को मजबूत करते रहें।



**नारनौल।** लोकसभा अध्यक्ष को मिलकर बधाई देते राकेश शर्मा।

### एसबीआई के स्थापना दिवस पर लगाया चेकअप कैंप

**नारनौल।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर शाखा प्रांगण में हेल्थ मेडिकल चैकअप एवं स्पेशल स्ट्रेस मैनेजमेंट कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मनोरोग विशेषज्ञ चिकित्सक डा. अनिल यादव विशेष आमंत्रित थे। इस मौके पर एसबीआई के चीफ मैनेजर एसबीआई विकास यादव समेत बैंक के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। डा. अनिल यादव ने कहा कि आज की भागमदौड़ भरी जिंदगी में लोग तनावग्रस्त रहने लगे हैं। इन हालातों में लोग बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। खुशहाल जीवन जीने के लिए लोगों को इस तनाव से बाहर निकलना होगा। स्वस्थ एवं आनंद से भरपूर जीवन जीने के लिए कुछ पसीना भी बहाना चाहिए। रात समय पर सोना चाहिए और सुबह जल्दी उठना चाहिए। शारीरिक अभ्यास का खुद के लिए समय जरूर निकालें और दिल खोलकर हंसे और हंसाएं। तनाव बिल्कुल न लें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## हकेंवि संकाय सदस्य को मोटा अनाज पर शोध के लिए डीएसटी से मिला अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पोषण जीव विज्ञान विभाग में संकाय सदस्य डॉ. अनीता कुमारी को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) से साइंस एंड हेरिटेज रिसर्च इनीशिएटिव (एसएचआरआई) सेल के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष-2023 के अंतर्गत मोटा अनाज पर शोध के लिए 94 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय इस पहल के अंतर्गत अनुदान प्राप्त करने वाले तीन प्रमुख संस्थानों में शामिल है। विश्वविद्यालय के साथ-साथ इस शोध कार्य के लिए एनआईएफटीईएम-टी व जामिया हमदर्द को भी यह अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने डीएसटी, एसएचआरआई सेल से अनुसंधान अनुदान प्राप्त करने के लिए परियोजना टीम को बधाई दी और कहा कि यह निश्चित रूप से विश्वविद्यालय में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देगा और समाज के कमजोर वर्ग के बीच गैर-संचारी रोगों के प्रबंधन के लिए स्थायी समाधान प्रदान करेगा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, शोध अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा, स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस के डीन प्रो. दिनेश कुमार गुप्ता और पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने भी परियोजना प्राप्त करने वाली टीम को बधाई दी। डीएसटी ने वर्ष 2023-24 के लिए मोटा अनाज आधारित खाद्य उत्पादों का विकासः अनुकूलन, लक्षण वर्णन और सत्यापन केंद्रित अनुसंधान एवं विकास परियोजना के लिए हकेंवि के पोषण जीवविज्ञान विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का स्वीकृति प्रदान की है। विभाग की सहायक आचार्य अनिता कुमारी प्रमुख अन्वेषक तथा सहआचार्य डॉ. अश्वनी कुमार, सह-प्रमुख अन्वेषक हैं।



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। *फोटो : हरिभूमि*

## 26 हजार हेक्टेयर रकबे में बाजरे व गवार की बिजाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

मानसून की बारिश होने के बाद किसानों की ओर से खरीफ फसल बिजाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। कपास व नरमें के बाद मूंग, बाजरा, गवार की बिजाई की जा रही है।

कृषि विभाग के एडीओ विकास यादव ने बताया कि कनीना खंड में करीब 33 हजार हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि है जिसमें 6900 हैक्टेयर भूमि में कपास तथा 98 हैक्टेयर रकबे में मूंग की खेती गई है।

इसके अलावा 26 हजार हैक्टेयर रकबे में बाजरा व गवार बिजाई किया जा रहा है। प्री-मानसून की बारिश न होने पर फसल बिजाई का कार्य युद्व स्तर पर शुरू हो गया है। अधिकांश किसानों की ओर से दो माह में पककर तैयार होने वाली मूंग की फसल कटाई कर भंडारण किया जा चुका है।

करीब 19 हजार हैक्टेयर भूमि में बाजरा तथा छह हजार हैक्टेयर रकबे में ग्वार बिजाई की संभावना है। उन्होंने बताया कि बारिश की संभावना बनी हुई है। किसान इत्मीनान से फसल बिजाई करें।



विकास यादव

- 6900 हेक्टेयर में कपास तथा 98 हेक्टेयर में मूंग की फसल उगाई

### सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह 5 को अटेली खंड के गांवों में करेंगे जनसंवाद

**नारनौल।** भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह पांच जुलाई को अटेली खंड के विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे। इस दौरान वे लोगों की शिकायते भी सुनेंगे। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि चौधरी धर्मवीर सिंह सुबह 10 बजे खेड़ी, 11 बजे नावदी, 12 बजे रामपुरा, दोपहर एक बजे कांटी, दो बजे बिहाली, तीन बजे सैदपुर, चार बजे बाछौद में जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे। इसके अलावा शाम पांच बजे रेस्ट हाउस महेंद्रगढ़ में अधिकारियों की बैठक लेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान चौधरी धर्मवीर सिंह जनता की समस्याओं और मुद्दों को सुनेंगे।

## शांति सद्भावना एवं सामंजस्य का जनक है योग : डा. जयदीप आर्य

# बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉक्टर जयदीप आर्य ने जिला की योग व्यायामशालाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि योग के माध्यम से ही हम मानव समाज में शांति सद्भावना एवं सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि योग को बढ़ावा देते हुए आम जनमानस में योग के महत्व को पहुंचाते हुए स्वस्थ भारत समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए हरियाणा सरकार हरियाणा योग आयोग के माध्यम से सतत प्रयासरत है। हरियाणा सरकार प्रत्येक जिले के अधिकांश गांवों में योग एवं व्यायामशालाओं का निर्माण करवा कर आमजन को योग से जोड़ने के लिए योग सहायकों के माध्यम से प्रतिदिन योग सत्र का आयोजन करवा रही है। निरंतर योग प्राणायाम का अभ्यास करते हुए आमजन बीमारियों से बचकर अपना पैसा बचाकर राष्ट्र सेवा में भी योगदान दे पाएंगे।

गौरतलब है कि महेंद्रगढ़ जिले के गांवों सैदअलीपुर, दताल, इस्लामपुरा, दनचौली, ताजीपुर एवं नांवा में नई योग व्यायामशालाओं का निर्माण होना है। इनकी प्रगति की विस्तृत जानकारी लेने के लिए ही योग आयोग के चेयरमैन ने जिले का दौरा किया। इस दौरान डा. जयदीप आर्य ने बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल का भी दौरा कर पंचकर्म चिकित्सा से सम्बन्धित व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता एवं संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आयुर्वेद एवं योग का ही है। ऐसे में हमें आयुर्वेद एवं योग पर पूरे समर्पण भाव से काम करना चाहिए। इस मौके पर उनके साथ जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अजीत सिंह, जिला योग कोऑर्डिनेटर डा. सतीश कुमार, बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. श्रीनिवास गुजरवार, उप चिकित्सा अधीक्षक डा. पंकज कौशिक मौजूद रहे।



**नारनौल।** बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल का निरीक्षण करते चेयरमैन डॉक्टर जयदीप आर्य।